

**एक नजर में**

## अवैध हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज जतारा। थाना पुलिस जतारा ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।**

थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के पर अवैध देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने जतारा बायपास रोड पर दबिश देते हुए शिवराज उर्फ शिवा वाल्मीकि 19 वर्ष, निवासी ग्राम करमोरा, थाना जतारा को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। इस संबंध में आरोपी के विरुद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक बृजकिशोर अनुराग चंदेल आदि की मुख्य भूमिका रही। थाना पुलिस जतारा ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# अच्छे काम के लिए सीएम ने थपथपाई पीठ

**अध्यक्ष, कलेक्टर, सीएमओ का सम्मान**

**जल गंगा संवर्धन अभियान में सराहनीय कार्य**





**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। वो कहते हैं न कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। ऐसी ही एक कोशिश टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने की और हुआ ये कि उनकी एक छोटी सी कोशिश ने टीकमगढ़ जिले में विलुप्त हो रहे जलश्रोतों को नया जीवनदान दे दिया। इसका नतीजा ये हुआ कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की मंच पर पीठ थपथपाई और इसके साथ नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार, सीएमओ ओमपाल भदौरिया का सम्मान कर उन्हें खूबसारी बधाईयां दी।**

खण्डवा में आयोजित हुए जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन कार्यक्रम एक लाख से कम आबादी वाली श्रेणी में टीकमगढ़ नगर पालिका को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान मिला। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार और सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया को सम्मानित किया गया। टीकमगढ़ में जल संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। 20 वर्षों बाद महेंद्र सागर तालाब के ओवरफ्लो पानी को वृंदावन तालाब तक पहुंचाने के लिए डेढ़ किलोमीटर लंबी नहर की सफाई की गई। नाले पर हुए अतिक्रमण को भी हटाया गया। राजशाही दौर की कलाकृतियों से सजी मऊचुंगी स्थित 172 सीढियों वाली बावड़ी का संरक्षण किया गया। नगर पालिका ने जन सहयोग से बावड़ी की सफाई कराई, जिसमें बड़ी मात्रा में मलबा निकाला गया। इसके अलावा राजशाही काल के महेंद्र कूप की भी सफाई की गई।

जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन कार्यक्रम सोमवार को प्रदेश के खण्डवा के मंडी प्रांगण में दोपहर 12 बजे आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने बेहतर कार्य करने वाली नगरीय निकायों को सम्मानित किया। कलेक्टर के अथक प्रयासों से जल गंगा सवर्धन अभियान के तहत जिले भर में प्राचीन धरोहरों को संभारने का काम किया गया है। इसी क्रम में टीकमगढ़ नगर पालिका भी इसमें अग्रणी रही है।

**वर्षों पुराने गंदे नाले को दिया नया स्वरूप**

दरअसल जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने के लिए नगर पालिका के साथ मिलकर 20 वर्षों बाद महेंद्र सागर तालाब के ओवरफ्लो पानी को वृंदावन तालाब तक पहुंचाने के लिए डेढ़ किलोमीटर लंबी नहर की सफाई कराई साथ ही उन्होनें नहर के नाले पर फैले हुए अतिक्रमण को भी हटवाया। इस सराहनीय कार्य के चलते कलेक्टर सहित नपाध्यक्ष एवं सीएमओं को सम्मानित किया गया।

## तीन परिवारों को मिली 4-4 लाख की सहायता



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। अलग-अलग हादसों में हुई तीन आकस्मिक मौत के बाद उनके परिजनों को शासन की योजना के अंतर्गत एसडीएम लोकेन्द्र सिंह सरल ने 4-4 लाख रुपए की सहायता प्रदान की।**

एसडीएम टीकमगढ़ लोकेन्द्र सिंह सरल ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुभाग के अंतर्गत निवासरत हल्कू लोधी की पत्नी स्व. सियाबाई की मृत्यु 11 जुलाई 2024 को सर्पदंश हो गई थी, लेकिन इन्हें आर्थिक सहायता नहीं मिल पाई। हाल में जानकारी सामने आने के बाद मामले की जांच कराकर उन्हें 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्राप्त कराई गई। इसी प्रकार ग्राम समर्रा के रहने वाली धनवती लोधी के पति स्व. हरदयाल लोधी की गड्ढे में गिरने से आकस्मिक मौत हो गई थी। इसलिए धनवती लोधी को भी 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई।

वहीं ग्राम रसोई निवासी मनसुखी आदिवासी के पुत्र श्लोक आदिवासी की मौत बीती 7 अगस्त 2024 को पानी में डूबने से हो गई थी। इस प्रकरण में मनसुखी आदिवासी को शासन की योजनांतर्गत 4 लाख रुपए की राशि प्रदाय कराई गई है। यह राशि सभी के बैंकों के खातों में शासन द्वारा भेजी जा रही है।

## 24 घंटों में दर्ज की 25 .9 मिमी बारिश



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में रविवार रात से लगातार बारिश हो रही है। पिछले 24 घंटों में जिले में 25.9 मिमी बारिश दर्ज की गई। लिधौरा तहसील में सबसे अधिक 82 मिमी वर्षा हुई।**

भू अभिलेख कार्यालय के अनुसार कई क्षेत्रों में बारिश का आंकड़ा इस प्रकार है . बड़ागांव धसान में 3 मिमी, बल्देवगढ़ में 5 मिमी, खरगापुर में 4 मिमी, जतारा में 28 मिमी, मोहनगढ़ में 20 मिमी और पलेरा में 9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। 1 जून से 29 जून तक जिले में कुल 326.6 मिमी औसत बारिश हुई है। टीकमगढ़ तहसील में सर्वाधिक 459 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके बाद मोहनगढ़ में 442 मिमी और पलेरा में 448 मिमी बारिश हुई।

बड़ागांव धसान में सबसे कम 190 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल बारिश का प्रमाण अधिक है। 29 जून 2022 तक 161.3 मिमी बारिश हुई थी जबकि इस वर्ष यह आंकड़ा 6.6 इंच अधिक है। रविवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने आज भी बारिश की संभावना जताई है।

## आरोपियों से शराब बरामद कर मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पुलिस इन दिनों अवैध शराब विक्री एक विक्री करने बालों के खिलाफ व्यापाक स्तर पर अभियान चलाकर कार्यवाही को अंजाम दे रही है जिसमें जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्यवाही की जा रही है। दिगौड़ा थाना क्षेत्र के गांवों में पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त के दौरान अवैध शराब बेचने वालों पर कार्यवाही की। पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ा। उनके कब्जे से कुल 89 क्वार्टर अवैध शराब जब्त की गई। सभी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।**

थाना प्रभारी संदीप सोनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्यवाही की। मुखबिर की सूचना पर भाई का ढाबा के पास धर्मपुरा निवासी राहुल राय से 20 क्वाटर शराब बरामद की गई। ग्राम बिहारीपुरा में गुमटी के पास बिहारीपुरा निवासी जगदीश यादव से 21 क्वाटर शराब जब्त की गई। कस्बा दिगौड़ा के धामना तिगैला के पास कदारी छतरपुर निवासी भानू सेन से 25 क्वाटर शराब मिली। रानीगंज तिगैला के पास ऊजरा छतरपुर निवासी शीतल विश्वकर्मा से 23 क्वाटर शराब जब्त की गई। दिगौड़ा थाना क्षेत्र के गांवों में पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त के दौरान अवैध शराब बेचने वालों पर कार्यवाही की। पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ा। उनके कब्जे से कुल 89 क्वार्टर अवैध शराब जब्त की गई। सभी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।

## सड़क हादसों में एक की मौत, दो गंभीर घायल



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। ट्रैक्टर पलटने की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आईं। बुडेरा थाना क्षेत्र के रसोई गांव में पहली घटना हुई दूसरी घटना बड़ागांव थाना के पातर खेरा गांव की है। जिसमें दो लोग घायल हुए है। दूसरी घटना में एक की मौत होना बताया जा रहा है।**

पहली घटना में विनोद रैकवार और संतोष खेत की जुताई के लिए ट्रैक्टर में जा रहे थे। रास्ते में ट्रैक्टर पलट गया। ग्रामीणों ने दोनों को ट्रैक्टर के नीचे से निकाला। घायल किसानों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुडेरा थाना प्रभारी अंकित दुबे के अनुसार दोनों के हाथ और पैर में चोटें आई हैं। दूसरी घटना बड़ागांव थाना क्षेत्र के पातर खेरा गांव में हुई। 35 वर्षीय किसान सुरेंद्र लोधी खेत में जुताई कर रहा था। इस दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए।

डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चौकी प्रभारी नोने सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डिस्चार्ज होने से पहले मिलेगा जन्म प्रमाण पत्र

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। अब अस्पताल से मां की डिस्चार्ज होने से पहले ही नवजात शिशु का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा। मप्र के मुख्य रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु एवं आयुक्त, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय विभाग श्री ऋषि गर्ग ने संबंधित अधिकारियों को दिये है।**

श्री गर्ग ने कहा है कि जन्म प्रमाण पत्र एक बेहद जरूरी दस्तावेज है। इसे आसानी से उपलब्ध कराने के लिए राज्य शासन के आर्थिक, सांख्यिकी विभाग ने दिशा निर्देश जारी किये है। इसके अनुसार अस्पताल में ही शिशु का जन्म प्रमाण पत्र बनाकर मां को छुटटी से पहले दे दिया जाए। जारी पत्र में बताया कि शासकीय अस्पत्तालों में 50 प्रतिशत से अधिक प्रसव होते है, इसलिए इन अस्पतालों में पदेन रजिस्ट्रार को अधिकृत किया गया है ।

## शासकीय महाविद्यालय में सफाई व्यवस्था चौपट



**नवभारत न्यूज पलेरा। शासकीय महाविद्यालय पलेरा में पढ़ने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं को आए दिन गंदगी और अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। महाविद्यालय परिसर में न तो नियमित साफ सफाई हो रही है और न ही वाटर कूलर की उचित देखरेख। छात्रों को मजबूरन गंदे पानी का सेवन करना पड़ रहा है जिससे स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है।**

कॉलेज के शौचालयों और बाथरूमों की हालत तो और भी बदतर है। महीनों से टॉयलेट्स की सफाई नहीं की गई। जिससे छात्राओं को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। छात्रों और अभिभावकों ने आरोप लगाया कि प्रभारी प्राचार्य डॉ.रघुनाथ पाल इस पूरे मामले में लापरवाह बने हुए हैं। प्राचार्य का रवैया गैर.जिम्मेदाराना है और महाविद्यालय की व्यवस्थाओं से उनका कोई लेना.देना नजर नहीं आता।

स्थानीय छात्रों और जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार प्रभारी प्राचार्य डॉ.रघुनाथ पाल के खिलाफकड़ी कार्यवाही की जाए और कॉलेज परिसर में जल्द से जल्द सफाई व्यवस्था बहाल की जाए ताकि छात्रों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। शासकीय महाविद्यालय पलेरा में पढ़ने वाले सैकड़ों छात्र.छात्राओं को आए दिन गंदगी और अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। महाविद्यालय परिसर में न तो नियमित साफ सफाई हो रही है और न ही वाटर कूलर की उचित देखरेख। छात्रों को मजबूरन गंदे पानी का सेवन करना पड़ रहा है।

## बाइक चोरी की घटना में नाकाम रहे अज्ञात चोर

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए अज्ञात चोर**

**पड़ोसी की सूझबूझ से चोरों के मंसूबों पर फिरा पानी**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर के चित्रांश नगर में चोरों ने दो घरों में बाइक चोरी का प्रयास किया। यह घटना रविवार रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है। घटना में तीन नकाबपोश चोरों ने प्रमोद श्रीवास्तव के घर का ताला तोड़ा। उन्होंने घर के अंदर से बाइक निकालकर सड़क पर रखी। मगर पड़ोसी की सूझबूझ से चोर अपने मकसद में कामयाब नही हो सके। यह सरी घटना सीसीटीबी कैमरे में कैद हो चुकी है। पुलिस फुटेज की जांच कर आगे की कार्यवाही कर रही है।**

जानकारी के अनुसार चोरों ने सड़क पर वाहन निकालकर बह पड़ोसी अरविंद खरे के घर की तरफ बढ़े इसी दौरान अरविंद की नींद खुल गई। उन्होंने और प्रमोद ने शोर मचाया। आवाज सुनते ही तीनों चोर भाग निकले। अरविंद की सतर्कता से चोर बाइक को कॉलोनी से बाहर नहीं ले जा सके। घटना के बाद मोहल्ले वालों ने प्रमोद श्रीवास्तव के घर के सामने लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। कैमरे में तीनों चोर साफ नजर आ रहे है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्रवासियों ने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। शहर के चित्रांश नगर में चोरों ने दो घरों में बाइक चोरी का प्रयास किया। यह घटना रविवार रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है। घटना में तीन नकाबपोश चोरों ने प्रमोद श्रीवास्तव के घर का ताला तोड़ा। उन्होंने घर के अंदर से बाइक निकालकर सड़क पर रखी। मगर पड़ोसी की सूझबूझ से चोर अपने मकसद में कामयाब नही हो सके। यह सरी घटना सीसीटीबी कैमरे में कैद हो चुकी है। पुलिस फुटेज की जांच कर आगे की कार्यवाही कर रही है। उन्होंने और प्रमोद ने शोर मचाया। आवाज सुनते ही तीनों चोर भाग निकले। अरविंद की सतर्कता से चोर बाइक को कॉलोनी से बाहर नहीं ले जा सके। घटना के बाद मोहल्ले वालों ने प्रमोद श्रीवास्तव के घर के सामने लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। कैमरे में तीनों चोर साफ नजर आ रहे है। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

**प्रवचन** | **मुनि श्री के प्रवचन सुनने उमड़ा जनसैलाब**

# सम्यक दर्शन से होता जीवन सुखी : सौभय सागर महाराज



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रात: 8.30 बजे से मुनि जयंत सागर जी महाराज के प्रवचन हुए। प्रवचन कार्यक्रम में जैन समाज के अनेक पुरूष, महिलाओं सहित बच्चों ने भाग लिया।**

मुनि श्री 108 सौभय सागर जी महाराज के प्रवचन हुए महाराज जी ने कहा कि सम्यक दर्शन ज्ञान चरिताणि मोक्ष मार्ग है। मोक्ष मार्ग प्राप्त करगे तभी मुक्ति होगी अगर सम्यक दर्शन होता है तो ज्ञान होता है ज्ञान होता है तो अंतरंग में चरित्र की क्रिया करने का भाव होता है और इसी से मोक्ष मार्ग की प्राप्ति होती है । देव ,गुरु ,शास्त्र पर सिद्धांत होना सम्यक दर्शन है उन्होंने कहा कि आप आमदनी का 10 प्रतिशत दान करेंगे और भविष्य के लिए कुछ बचत भी करेंगे तो आप सदा सुखी रहेंगे जिस व्यक्ति को नींद नहीं आती समझो चिंता में है चिंता को छोड़ना है तो धर्म मार्ग अपनाना ही होगा। महाराज जी ने कहा कि यह चातुर्मास बाजार जैन मंदिर के साथ.साथ समस्त टीकमगढ़ वासियो का चातुर्मास है नरेंद्र जनता ने बताया कि आज मंगलवार को प्रवचन प्रात: 8.30 बजे से आदिनाथ जिनालय शांति नगर मंदिर में होंगे। धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रात: 8.30 बजे से मुनि जयंत सागर जी महाराज के प्रवचन हुए। प्रवचन कार्यक्रम में जैन समाज के अनेक पुरूष, महिलाओं सहित बच्चों ने भाग लिया।

दरअसल 23 जून को मुनि श्री 108 सौम्य सागर जी मुनि, 108श्री जयंत सागर जी महाराज की बानपुर दरवाजा रोड मुक्तिधाम चौराहे से भव्य अगवानी हुई थी जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बाजार मंदिर तहसील प्रांगण में पहुंची। धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान जगह-जगह रंगोलिया बनाई गई, आरती उतारी और पैर धुलवाए गए।अब यह मुनि चातुर्मास दौरान टीकमगढ शहर में रह रहे है। इसी दौरान महाराज जी द्वारा जैन मंदिर में प्रवचन किए जा रहे है।

आज मंगलवार को प्रवचन प्रात: 8.30 बजे से आदिनाथ जिनालय शांति नगर मंदिर में होंगे। जिसमें जैन समाज के लोग बढ-चढकर भाग लेगे। इसके अलावा शहर टीकमगढ़ में आगामी15 जुलाई को दोपहर 1.30 से कलश स्थापना होगी।

**कलश स्थापना को लेकर चल रही तैयारियां**

धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जनता ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके अलावा शहर टीकमगढ़ में आगामी15 जुलाई को दोपहर 1.30 से कलश स्थापना होगी। जिसमें मुनि श्री का सानिग्ध प्राप्त होगा। कलश स्थापना कार्यक्रम को लेकर जैन समाज के लोगों में उत्साह देखने को मिल रहा है। जिसकी तैयारियां चल रही है।

## खनन कार्य 30 सितम्बर तक प्रतिबंधित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने शासन द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में जिले की सीमा में स्थित समस्त रेत खदानों, रेत धारित नदी-नाले घाटों में खनन कार्य 30 जून से 30 सितम्बर तक पूर्णत: प्रतिबंधित किया है।**

जारी आदेशानुसार जिले में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मानसून सत्र की अवधि 30 जून मध्य रात्रि से 30 सितम्बर मध्य रात्रि तक टीकमगढ़ जिले की सीमा में स्थित समस्त रेत खदानों, रेत धारित नदी-नाले घाटों में खनन कार्य पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। उक्त अवधि के पूर्व यदि जिले में मानसून सक्रिय होता है तो उल्लेखित अवधि के पूर्व यह आदेश प्रभावशील व मान्य होगा। जिले में स्वीकृत समस्त रेत खदानों के सर्व संचालक आदेश का पालन करना सुनिश्चित करें।

## नियुक्ति पत्र मिलते ही खिल उठे चेहरे



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला पुलिस बल में 56 नए आरक्षकों की नियुक्ति हुई है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित समारोह में उक्त आरक्षकों को नियुक्ति आदेश सौंपे गए। नियुक्ति पत्र मिलते ही आरक्षकों के चेहरे खिल उठे।**

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम और रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान समेत कार्यालय स्टाफ मौजूद रहा। एसपी मंडलोई ने नए आरक्षकों का स्वागत किया और उन्हें बधाई दी। एसपी ने अपने संबोधन में कहा कि आरक्षक पद पुलिस बल की रीढ़ की हड्डी है। उन्होंने बताया कि कानून-व्यवस्था की स्थापना और अपराध नियंत्रण में आरक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। मंडलोई ने कहा कि पुलिस सेवा सिर्फ नौकरी नहीं है। यह कर्तव्यबोध, अनुशासन और सेवा भावना से जुड़ा दायित्व है। उन्होंने नए आरक्षकों से जनता के प्रति संवेदनशील और निष्पक्ष रहने की अपेक्षा जताई। नए आरक्षकों को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई।